शगुन मांगने से रोक रहे हैं। यहां उनके माग का है।

आयोजन — नेपा लिमिटेड के कर्मचारियों और अधिकारियों के बीच एक नारा प्रतियोगिता आयोजित की गई, सतर्क रहने की सलाह दी

# सतर्कता जागरूकता सप्ताह के प्रतिभागियों को प्रबंधन ने किया पुरस्कृत

नेपानगर (नईदुनिया न्यूज)। नेपा लिमिटेड द्वारा 30 अक्टूबर से पांच नवंबर तक 'भ्रष्टाचार को ना कहें, राष्ट्र के प्रति प्रतिबद्ध रहें' शीर्षक थीम के साथ सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया गया था।

सीएमडी सौरभ देव के मार्गदर्शन में स्कूलों में सतर्कता जागरूकता से संबंधित निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। साथ ही नेपा लिमिटेड के कर्मचारियों और अधिकारियों के बीच एक नारा प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। जनसंपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया कि मंगलवार शाम आडिटोरियम में विभिन्न प्रतियोगिता के विजेताओं को सीएमडी सौरभ देव द्वारा पुरस्कृत किया गया।

मुख्य सतर्कता अधिकारी विनीत कुमार ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विनीत कुमार ने बताया कि सतर्कता जागरूकता सप्ताह अभियान नागरिकों की भागीदारी के जरिए सार्वजनिक जीवन में अखंडता और सत्यनिष्ठा को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को समर्थन देता है। यह सप्ताह भ्रष्टाचार के विरुद्ध केन्द्रीय सतर्कता आयोग की जनभागीदारी सतर्कता पहलों में से एक है। इसका उद्देश्य शासन और जनसामान्य में नैतिकता व पारदर्शिता के प्रति संवेदनशीलता लाना है। सीएमडी सौरभ देव ने उपस्थित अधिकारियों एवं स्टाफ को भ्रष्टाचार का विरोध करने तथा राष्ट्र और समाज के प्रति अपने कर्तव्य का निर्वहन करने की बात कही। साथ ही अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों के प्रति भी सतर्क रहने की सलाह दी।



विद्यार्थियों व कर्मचारियों को पुरस्कृत करते नेपा मिल के सीएमडी सौरभ देव। • नईदुनिया

कार्यक्रम में शालेय स्तर पर आयोजित निबंध लेखन प्रतियोगिता में सिटीजन हायर सेकंडरी स्कूल की वंशिका पटेल को प्रथम और खुशबू पटेल को द्वितीय तथा सरस्वती शिशु मंदिर की वैष्णवी पूरनसिंह को प्रथम और कुमारी दिव्या धुर्वे को द्वितीय पुरस्कार प्रदान किया गया।

इसके अलावा नेपा लिमिटेड के कर्मचारियों-अधिकारियों में सुनील कुमार राव को प्रथम तथा विकास कोकटनूर और संगीता लाल को संयुक्त रूप से द्वितीय पुरस्कार के साथ सतर्कता नारा प्रतियोगिता में सम्मानित किया गया। इस दौरान मुख्य महाप्रबंधक (तकनीकी) आर. अलागेसन, महाप्रबंधक (संचालन) अजय गोयल, वरिष्ठ प्रबंधक (इलेक्ट्रिकल) सुमन कानफाड़े, प्रबंधक (पावर हाउस) महेंद्र केसरी, प्रबंधक (श्रम कल्याण) एवं संबंध किशोर महाजन तथा मुख्य वित्त अधिकारी सीएन वर्मा सहित अफसरकर्मी उपस्थित थे।

आर्ट इंडिया न्यूज — बढ़ते इंडिया की बढ़ती सोच... | बुरहानपुर-आसपास | इंदौर, गुरूवार, 23 नवंबर 2023 | 4

# नेपा लिमिटेड के कर्मचारियों अधिकारियों के बीच एक नारा प्रतियोगिता एवं स्कूली छात्र छात्राओं के मध्य निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

*बुरहानपुर/नेपानगर (राजेश जाधव, आर्ट इंडिया न्यूज)। केंद्रीय सतर्कता आयोग, भारत सरकार के दिशा निर्देशानुसार केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड में सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाने साथ 30 अक्टूबर से 5 नवंबर 2023 तक भ्रष्टाचार को ना कहें, राष्ट्र के प्रति प्रतिबद्ध रहें की शीर्षक थीम के साथ सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया गया।*







जन संपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे से प्राप्त जानकारी के अनुसार नेपा लिमिटेड सीएमडी कमोडोर सौरभ देब के मार्गदर्शन में इस वर्ष आयोग से प्राप्त विषयवस्तु के अंतर्गत संस्थान में सतर्कता जागरूकता से संबधित विभिन्न आयोजनों में नगर के विभिन्न स्कूली छात्र छात्राओं के मध्य निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया साथ ही नेपा लिमिटेड के कर्मचारियों अधिकारियों के बीच एक नारा प्रतियोगिता आयोजित की गई। मंगलवार को नेपा लिमिटेड ऑडिटोरियम में विभिन्न प्रतियोगिता के विजेताओं हेतु पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि नेपा लिमिटेड के सीएमडी कमोडोर सौरभ देब तथा मुख्य सतर्कता अधिकारी विनीत कुमार, आईआरएस द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अपने प्रस्तावना उद्बोधन में मुख्य सतर्कता अधिकारी विनीत कुमार द्वारा बताया गया कि सतर्कता जागरूकता सप?ताह अभियान नागरिकों की भागीदारी के जरिए सार्वजनिक जीवन में अखण?डता और सत?यनिष?ठा को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को समर्थन देता है। यह सप?ताह भ्रष?टाचार के विरूद्ध केन?द्रीय सतर्कता आयोग की जन भागीदारी सतर्कता पहलों में से एक है। इसका उद्देश?य शासन और जन प्रशासन में नैतिकता और पारदर्शिता के प्रति संवेदनशीलता लाना है। मुख्य अतिथि सीएमडी कमोडोर सौरभ देब द्वारा संबोधित करते हुएं उपस्थित अधिकारियों एवं स्टाफ को भ्रष्टाचार का विरोध करने तथा राष्ट्र और समाज के प्रति अपना कर्तव्य निर्वहन करने पर ज़ोर दिया गया साथ ही अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों के प्रति भी सतर्क रहने की सलाह दी गई। कार्यक्रम में शालेय स्तर पर आयोजित निबंध लेखन प्रतियोगिता में सिटीजन हायर सेकंडरी स्कूल की कुमारी वंशिका पटेल को प्रथम और कुमारी खुशबू पटेल को द्वितीय तथा सरस्वती शिशु मंदिर की कुमारी वैष्णवी पुरनसिंह को प्रथम और कुमारी दिव्या धुर्वे को द्वितीय पुरस्कार प्रदान किया गया। इसके अलावा नेपा लिमिटेड के कर्मचारियों अधिकारियों में सुनील कुमार राव को प्रथम तथा विकास कोकटनूर और संगीता लाल को संयुक्त रूप से द्वितीय पुरस्कार के साथ सतर्कता नारा प्रतियोगिता में सम्मानित किया गया। इस दौरान मुख्य महाप्रबंधक तकनीकि आर. अलागेसन, महाप्रबंधक संचालन अजय गोयल, वरिष्ठ प्रबंधक इलेक्ट्रिकल सुमन कानफाड़े, प्रबंधक पावर हाउस महेंद्र केसरी, प्रबंधक श्रम कल्याण एवं संबंध किशोर महाजन तथा मुख्य वित्त अधिकारी सीएन वर्मा सहित अफसर कर्मी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन यूएस द्विवेदी द्वारा किया गया तथा आभार एके त्यागी द्वारा माना गया।

जागरूकता सप्ताह के समापन के बाद हुआ पुरस्कार वितरण समारोह, अधिकारियों ने किया संबोधित...

# अधिकारों के साथ कर्तव्यों के प्रति सतर्क रहें कर्मचारी व अधिकारी




समारोह में लोगों को संबोधित करते हुए।

नेपानगर ■ राज न्यूज नेटवर्क

नेपा लिमिटेड में 30 से 5 नवंबर तक भ्रष्टाचार को ना कहें, राष्ट्र के प्रति प्रतिबद्ध रहे शीर्षक थीम पर सतर्कता जागरूकता सप्ताह हुआ। जन संपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया सीएमडी कमोडोर सौरभ देब के मार्गदर्शन में सतर्कता जागरूकता से संबंधित विभिन्न आयोजन हुए। इसमें विभिन्न स्कूली विद्यार्थियों के बीच निबंध स्पर्धा करवाई गई। नेपा लिमिटेड के कर्मचारियों, अधिकारियों के बीच एक नारा प्रतियोगिता करवाई। मंगलवार को नेपा लिमिटेड ऑडिटोरियम में विभिन्न प्रतियोगिता के विजेताओं के लिए पुरस्कार वितरण समारोह हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि नेपा लिमिटेड के सीएमडी कमोडोर सौरभ देब, मुख्य सतर्कता अधिकारी विनीत कुमार आईआरएस ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विनीत कुमार ने बताया सतर्कता जागरूकता सप्ताह अभियान नागरिकों की भागीदारी के जरिए सार्वजनिक जीवन में अखण्डता और सत्यनिष्ठा को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को समर्थन देता है। यह सप्ताह भ्रष्टाचार के विरुद्ध केन्द्रीय सतर्कता आयोग की जन भागीदारी सतर्कता पहलों में से एक है। इसका उद्देश्य शासन और जन प्रशासन में नैतिकता और पारदर्शिता के प्रति संवेदनशीलता लाना है। मुख्य अतिथि सीएमडी कमोडोर सौरभ देब ने संबोधन में अधिकारियों, स्टाफ को भ्रष्टाचार का विरोध करने, राष्ट्र और समाज के प्रति कर्तव्य निर्वहन करने पर ज़ोर दिया। अधिकारों के साथ कर्तव्यों के प्रति सतर्क रहने की सलाह दी गई।

## लेखन प्रतियोगिता में वंशिका पटेल प्रथम

कार्यक्रम में शालेय स्तर पर निबंध लेखन प्रतियोगिता में सिटीजन हायर सेकंडरी स्कूल की वंशिका पटेल को प्रथम, खुशबू पटेल को द्वितीय, सरस्वती शिशु मंदिर की कुमारी वैष्णवी पुरनसिंह को प्रथम और कुमारी दिव्या धुर्वे को द्वितीय पुरस्कार प्रदान किया गया।

नेपा लिमिटेड के कर्मचारियों, अधिकारियों में सुनील कुमार राव को प्रथम, विकास कोकटनूर और संगीता लाल को संयुक्त रूप से द्वितीय पुरस्कार के साथ सतर्कता नारा प्रतियोगिता में सम्मानित किया। इस दौरान मुख्य महाप्रबंधक तकनीकि आर अलागेसन, महाप्रबंधक संचालन अजय गोयल, वरिष्ठ प्रबंधक इलेक्ट्रिकल सुमन कानफाड़े, प्रबंधक पावर हाउस महेंद्र केसरी, प्रबंधक श्रम कल्याण और संबंध किशोर महाजन, मुख्य वित्त अधिकारी सीएन वर्मा सहित अफसर कर्मी उपस्थित थे। संचालन यूएस द्विवेदी ने किया।

---

सीएमडी ने सतर्कता सप्ताह के विजेताओं को किया पुरस्कृत

# भ्रष्टाचार का विरोध करें और राष्ट्र और समाज के प्रति कर्तव्य निभाएं: देब

**भ्रष्टाचार को न कहें, राष्ट्र के प्रति प्रतिबद्ध थीम के साथ मना था सप्ताह**

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com




संबोधन करते अतिथि।

नेपानगर. भ्रष्टाचार का विरोध करें और राष्ट्र और समाज के प्रति अपने कर्तव्य का निर्वहन करें। साथ ही अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों के प्रति भी सतर्क रहें। यह मार्गदर्शन और उद्बोधन सीएमडी कमोडोर सौरभ देब ने दिए।

केंद्रीय सतर्कता आयोग भारत सरकार के निर्देश पर केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड में सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाने के साथ 30 अक्टूबर से 5 नवंबर तक भ्रष्टाचार को ना कहे राष्ट्र के प्रति प्रतिबद्ध रहें थीम के साथ सतर्कता जागरूकता सप्ताह के पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जन संपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया नेपा लिमिटेड सीएमडी कमोडोर सौरभ देब के मार्गदर्शन में इस वर्ष आयोग से प्राप्त विषय वस्तु के तहत संस्थान में सतर्कता जागरूकता से संबधित विभिन्न आयोजनों में स्कूली छात्र-छात्राओं के बीच निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। साथ ही नेपा लिमिटेड के कर्मचारियों, अधिकारियों के बीच एक नारा प्रतियोगिता आयोजित की गई। मंगलवार को नेपा लिमिटेड ऑडिटोरियम में विभिन्न प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि कमोडोर सौरभ देब व मुख्य सतर्कता अधिकारी विनीत कुमार, आइआरएस द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रस्तावना उद्बोधन में मुख्य सतर्कता अधिकारी विनीत कुमार ने बताया कि सतर्कता जागरूकता सप्ताह अभियान नागरिकों की भागीदारी के जरिए सार्वजनिक जीवन में अखंडता और सत्यनिष्ठा को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को समर्थन देता है।

## इन्हें किया पुरस्कृत

शालेय स्तर पर आयोजित निबंध लेखन प्रतियोगिता में सिटीजन हायर सेकंडरी स्कूल की वंशिका पटेल को प्रथम, खुशबू पटेल द्वितीय तथा सरस्वती शिशु मंदिर की वैष्णवी पुरनसिंह को प्रथम, दिव्या धुर्वे को द्वितीय पुरस्कार प्रदान किया गया। इसके अलावा नेपा लिमिटेड के कर्मचारियों अधिकारियों में सुनील कुमार राव को प्रथम, विकास कोकटनूर और संगीता लाल को संयुक्त रूप से द्वितीय पुरस्कार के साथ सतर्कता नारा प्रतियोगिता में सम्मानित किया गया। इस दौरान मुख्य महाप्रबंधक तकनीकी आर अलागेसन, महाप्रबंधक संचालन अजय गोयल, वरिष्ठ प्रबंधक इलेक्ट्रिकल सुमन कानफाड़े, प्रबंधक पॉवर हाउस महेंद्र केसरी, प्रबंधक श्रम कल्याण, संबंध किशोर महाजन, मुख्य वित्त अधिकारी सीएन वर्मा सहित अफसर कर्मी उपस्थित थे। संचालन यूएस द्विवेदी ने किया। आभार एके त्यागी ने माना।

Shot on OnePlus
aachal | 2023.11.23 09:45